एक साथ 27 अधिकारी स्कूलों में पहुंचे, मतदान के लिए जागरूक किया

विद्यार्थियों को परिवार जनों के मतदान कराने का संकल्प दिलाया

अजमेर, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद तथा स्वीप नोडल अधिकारी अभिषेक खन्ना के निर्देशन में नवाचार करते हुए लोकसभा चुनाव मे शहरी क्षेत्रों में अधिकाधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों के अभिभावकों का मतदान सुनिश्चित करने के लिए 27 प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मंगलवार को 27 निजी विद्यालयों की प्रार्थना सभा में प्रात: 7 से 10 बजे के मध्य जाकर 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों से वोटिंग अपील करते हुए संवाद स्थापित किया गया।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना ने बताया कि अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए समस्त विद्यार्थियों को मतदान दिवस 26 अप्रैल को अपने परिवार के सभी मतदाता सदस्यों को वोट के लिए आग्रह करने को कहा गया।

27 प्रशासनिक अधिकारियों ने 27 निजी विद्यालयों की प्रार्थना सभा में जाकर विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई।

संस्था प्रधान विद्यार्थियों के अभिभावकों से वोटिंग अपील का 30 सेकण्ड का वीडियो बनाकर कक्षा के व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करेंगे। मतदान के पश्चात विद्यार्थी अपने परिवारजन के साथ अमिट स्याही लगी हुई अंगुली का प्रदर्शन करते हुए ग्रुप फोटो कक्षा के ग्रुप में भेजेंगे। वह ऑनलाइन मेरी शान मेरा मतदान मतदाता जागरूकता के लिए ऑनलाइन वोटिंग फिंगर ग्रुप फोटो आयोजित प्रतियोगिता में भी भाग लेंगे। संबंधित अधिकारीयों ने वोटर आईडी ना होने की स्थिति में अन्य वैकल्पिक फोटो युक्त 12 दस्तावेजों की जानकारी एवं ऑनलाइन प्रतियोगिता की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत किए गए इस नवाचार में मंगलवार को अजमेर के 27 निजी विद्यालयों में 27 प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों के माध्यम से अभिभावकों से वोट अपील की गई। इसमें सेंट मैरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नगर निगम के उपायुक्त प्रशासन राजलक्ष्मी गहलोत, सोफिया गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उपायुक्त नगर निगम विकास सुश्री कीर्ति कुमावत, ऑल सेंट्स स्कूल में अजमेर विकास प्राधिकरण उपायुक्त श्री भरत राज गुर्जर, सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उपयुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण श्री सूर्यकांत शर्मा, सेंट जोसेफ बाल निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय एवं जिला रसद अधिकारी ज्योति ककवानी ने जागरूक किया।

कंट्रोल रूम पर सेवा देने हेतु नियुक्ति

ब्यावर, (निसं) भाजपा अजमेर देहात जिला अध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा के निर्देशानुसार विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक यज्ञेश शर्मा ने अजमेर देहात की सभी विधानसभाओं में लोकसभा चुनाव के अंतर्गत 26 अप्रैल को मतदान के दिवस अधिवक्तागणों के भाजपा के विधान सभावार कंट्रोल रूम पर सेवा देने हेतु नियुक्ति की गई है।

जिला मीडिया प्रभारी जितेन्द्र ठठेरा ने बताया कि अजमेर देहात विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक यज्ञेश शर्मा ने अजमेर देहात की पांचो विधानसभा में से ब्यावर विधानसभा के कंट्रोल रूम पर अधिवक्ता चन्द्रविजय राठौड़, रमेश जांगिड़, मुकेश जटिया, शिवदास राठौड़, सुरेन्द्र चनीया, इसी प्रकार से मसूदा विधानसभा में सतीश व्यास, वीरेंद्रसिंह राठौड़, श्याम प्रताप सिंह, पूनमचंद शर्मा, महेंद्र उपाध्याय और नसीराबाद विधानसभा में ललित मेहरा, जितेंद्र गुर्जर, रणजीत सिंह रावत, रविंद्र शर्मा, नरपत सिंह और केकड़ी विधानसभा में घनश्याम वैष्णव, निरंजन चौधरी, गजेंद्र पाराशर, प्रहलाद माली, सत्यभवर बन्ना और पुष्कर विधानसभा में मदन सांखला, बाबूलाल शर्मा, शंकरलाल मेघवंशी व लक्ष्मीकांत पाराशर अधिवक्ता चुनाव मतदान के दिन भाजपा कंट्रोल रूम पर 26 अप्रैल 2024 को सुबह से शाम तक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

सार-समाचार

कपड़े की थैली का विमोचन

मकराना, (नीस)। कपड़े की थैली मेरी सहेली, अभियान के अंतर गत मंगलवार को महावीर इंटरनेशन राज श्रीवीरा केंद्र मकराना द्वारा पृथ्वी को स्वर्ग बनाना है,विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में मकराना नगर परिषद के एईएन सहदेव कुमार सबल और ओ.एस अशफाक ने कपड़े की थैली का विमोचन किया और प्लास्टिक के उपयोग को लेकर जागरूकता एवं सतर्कता बेहद जरुरी है धरती से प्लास्टिक हटाना है प्लास्टिक से पर्यावरण को खतरा है गौ माता को भी खतरा है हमें प्लास्तिक की थैली को पुरी तरह हटाके कपड़े की थैली का उपयोग करना हे लोगो में जागरूकता लाने के लिए आयोजन कर आमजन को प्रेरित करने का बिडा उठाया।इस अवसर पर अध्यक्ष विजया बाफना सचिव कल्पना जैन सुसीला गोदा शशी लड्ढा मिनाक्षी बंसल कांता भंडारी आदि वीरा मोजूद रही ।

स्वीप रथ को किया रवाना

अजमेर, (कासं)। अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्रा के स्वीप रथ को रवाना किया गया। स्वीप प्रभारी श्रीमती वीणा अग्रावत ने बताया कि लोकसभा चुनाव के इस पर्व को साकार करने के लिए 26 अप्रैल को मतदान करें। इसकी अपील को लेकर मंगलवार को गली गली वोट की थीम पर एसडीएम अजमेर शिवाक्षी खांडल के निर्देशानुसार स्वीप रथ को सजा धजाकर तहसीलदार विपुल सिंह एवं द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्रा के समस्त कर्मचारियों के साथ स्वीप टीम सदस्य राम किशोर तिवारी, संजय मुद्गल, सीमा शर्मा, संतोष मीणा, परमेश्वर रावत, कमलेश शर्मा, रश्मि शर्मा उपस्थित रहे।

पेयजल आपूर्ति की मांग

अजमेर, (कासं)। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष महेन्द्र बंसल और महासंघ रमेश लालवानी के नेतृत्व में मंगलवार को बैठक आयोजित कर स्मार्ट सिटी कहलाने वाले अजमेर में पेयजल के अनेक दावों के बावजूद पेयजल की उचित दबाव पर आपूर्ति नहीं किये जाने तीन से चार दिनों और अधिक समय के अन्तराल के बाद पेयजल की आपूर्ति पर रोष प्रकट जताया और प्रस्ताव बनाकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और पीएचईडी के शासन सचिव डॉ.समित शर्मा को भेज कर गर्मी के मौसम और त्योंहरों के मद्देनजर शहर में नियमित व उचित दबाव पर पेयजल आपूर्ति की मांग की है।

चुनाव के अन्तिम 48 घंटे के लिए धारा 144 लागू

अजमेर, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 की निर्वाचन प्रक्रिया के निष्पक्ष एवं स्वतन्त्रा सम्पादन के लिए धारा 144 लगाई गई है।

जिला मजिस्ट्रेट डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि जिले में लोकसभा आम चुनाव 2024 शुकवार को होने जा रहे है। मतदान के अन्तिम 48 घंटे पहले निर्वाचन तन्त्रा के लिए, न केवल निर्वाचन के दिन योजना के परिपेक्ष से, बल्कि स्वतन्त्रा एवं निष्पक्ष मतदान के लिए कानून और व्यवस्था तथा अनुकुल वातावरण के निर्माण के दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। लोक प्रतिनिधित्वि अधिनियम 1951 के तहत मतदान के समापन के लिए नियत समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की पूर्व अवधि सम्मिलित होती है जब सार्वजनिक सभाओं आदि के माध्यम से सभी निर्वाचन प्रचार क्रियाकल्प रोक दिए जाते है। मतदानबद्ध क्षेत्रों में कड़ी निगरानी बनाए रखने की आवश्यकता है। ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई अवांछित तत्व गैरकानूनी एवं अवैधानिक गतिविधियों जैसे की राजनैतिक लाभ हासिल करने के लिए मतदताओं को अनावश्यक रूप से प्रेरित करने और प्रभावित करने के लिए नकद, उपहार शराब आदि के अवैध वितरण आदि में शामिल न हो पाए। अत: अजमेर जिले में स्वतन्त्रा, निष्पक्ष एवं भय मुक्त मतदान सम्पन्न कराने के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत आदेश जारी किए गए है।

उन्होंने बताया कि दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अधीन मतदान के समापन के 48 घंटे पूर्व बुधवार सायं 6 बजे से शुक्रवार को मतदान समाप्ति तक की अवधि के दौरान गैर कानूनी सभाओं पर प्रतिबन्ध और सार्वजनिक बैठकों पर रोक रहेगी।

दो लाख रुपए की नगदी चोरी

अजमेर, (कासं)। अलवर गेट थाना क्षेत्र में स्थित एक स्क्रैप के गोदाम में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात अंजाम देते हुए गोदाम में बने ऑफिस का कांच तोडक़र अलमारी में रखी 2 लाख रुपए नगदी चोरी कर फरार हो गए। गोदाम मालिक ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

महावीर नगर केसरगंज निवासी श्रेयांश जैन पुत्र स्वर्गीय सुनील ने अलवर गेट थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में जैन ने बताया कि उनका स्क्रैप का गोदाम है। बीती रात अज्ञात चोरों ने गोदाम में धावा बोलते हुए चोरी की वारदात अंजाम दे डाली। चोर गोदाम में बने ऑफिस का कांच तोडक़र अलमारी में 2 लाख रुपए नगदी चोरी कर फरार हो गए। चोरों ने गोदाम में घुसने से पहले सीसीटीवी कैमरों की दिशा भी बदल दी। पुलिस ने पीडित् गोदाम मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महेश पट्टिका का अनावरण

माहेश्वरी पंचायत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जय महेश पट्टिका का अनावरण किया गया।

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा व माहेश्वरी पंचायत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जय महेश पट्टिका का अनावरण विराट नगर में किया गया। सभा अध्यक्ष धर्मेंद्र कांकाणी व संस्था अध्यक्ष रामनारायण झंवर ने बताया की प्रत्येक माहेश्वरी परिवारो के निवास पर पट्टिका लगाई जायेगी। महेश पट्टिका लगाने की विधिवत शुरूआत विराटनगर में की गई, महेश नवमी महोत्सव से पूर्व कार्य सम्पन्न किये जाने का लक्ष्य तय किया है। प्रवक्ता सुरेश शारदा नें बताया की अनावरण समारोह में भवन प्रबन्धक विष्णुचरण हेडा, मंत्री अनिल बियाणी, मुकुटबिहारी मालपानी, अश्वनी कुमार काबरा, सुनील मालपानी, पदम मनिहार, सत्यप्रकाश काबरा, राकेश ईनाणी, ओमप्रकाश भांगड़िया, अक्षय जैथलिया, हरिप्रसाद जैथलिया, योगेश भूतडा सहित समाजबंधु उपस्थित रहे।

लंगर प्रसादी का आयोजन

अजमेर, (कासं)। पूज्य झरनेश्वर महादेव मन्दिर सिन्धी मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर वरिष्ठ नागरिक नारी भाई देवानी और उपाध्यक्ष शंकर भाई छत्तानी के नेतृत्व में लंगर प्रसादी भण्डारे का आयोजन किया गया। उपाध्यक्ष शंकर छत्तानी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के कारण मन्दिर परिसर में हनुमान जी और अन्य देवताओं की प्रतिमा और झरनेश्वर महादेव की प्रतिमा पर प्रसाद भोजन का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूज्य झूलेलाल साहिब के बहिराणे की मंडली के गायक कलाकारो ने हनुमानजी और अनेक भजन एवं गीत सुनाकर मन्दिर में वातावरण को माता मय ,वं झरनेश्वर मय बना दिया। पूजन करके पूज्य झरनेश्वर महादेव सिन्धी मण्डल के तत्वावधान में बैठकर खिलाने का वितरण करवाया गया। महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि झरनेश्वर महादेव मन्दिर के भगवान हरवानी,प्रकाश अगन छबलानी,महेश वरलानी, मोहित छत्तानी सहित अन्य के द्वारा सेवाएं प्रदान की गई।

नाम/जन्मतिथि परिवर्तन

मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम पुरुषोत्तम बदलानी तथा जन्म दिनांक 5/8/2000 दर्ज है जो कि गलत है, अब मैं अपने आधारकार्ड के अनुरूप, अपने पासपोर्ट में भी पिता का नाम श्री पवन बदलानी एवम जन्म दिनांक 5/8/1999 दर्ज करवाना चाहता हूं।

अमित बदलानी
पुत्र श्री पवन बदलानी,
21/49 ए, गौरी नगर,
वैशाली नगर, अजमेर।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सपने नहीं, हकीकत बुनते हैं : अपूर्वा सिंह

- भाजपा महिला मोर्चा मदनगंज किशनगढ़ ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में देवरानी-जेठानी सम्मेलन आयोजित किया

किशनगढ़, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मदनगंज किशनगढ़ द्वारा अजमेर लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी भागीरथ चौधरी के समर्थन में महेश्वरी पंचायत भवन तेली मोहल्ला में देवरानी जेठानी महिला सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें 51 देवरानी जेठानी भारतीय जनता पार्टी में नई जुड़ी व संकल्प लिया।

भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान प्रदेश प्रवक्ता अपूर्वा सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में अपना उदबोधन देते हुये कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री ने प्रत्येक नागरिक को अपना परिवार माना है महिलाओं की समस्याओं के निवारण के लिये हमेशा आगे रहते है । उन्होंने महिलाओं के जीवन में आने वाली समस्याओं के लिये हमेशा नवीन योजानाये लाकर धरातल पर उतारने का कार्य सांसदो के माध्यम से किया है । प्रधानमंत्री मोदी सपने नही बुनते हकीकत बुनते है इसलिये सभी मोदी को चुनते है। पिछले 70-75 सालों से महिलाओं के शौचालयों की समस्या को निदान करते हुये उन्हे छत उपलब्ध कराई है जो महिलाये गांव के दूर-दराज में रहने वाली महिलाओ जो चुल्हे के धुये से अपना जीवन समाप्त कर लेती थी उनके लिये उज्वला योजना के तहत गैस उपलब्ध कराकर उसके स्वास्थ्य के साथ उसके समय की बचत की है जिससे वह अपने परिवार को समय दे सकती है। महिलायें कुओं से पानी लेने जाती थी अब ऐसे कार्य हो रहे है जिससें हर घर में नल लगे इन पर कार्य जारी है जो आने वाले समय में पुरा धरातल पर उतर जायेगा। महिलाओं सशक्त करने के लिये महिला आरक्षण पर भी सरकार का सकारात्मक रवैया है ।

महिला मोर्चा अध्यक्ष संतोष पारिक ने बताया कि प्रदेश महिला उपाध्यक्ष वनिता जैमन ने मोदी सरकार की मातृ शक्ति की योजनाओं से अवगत करवाया महिलाओ ने संकल्प लेकर आहवान किया कि अबकी बार 400 पार करके रहेगी , फिर एक बार मोदी सरकार लाकर रहेगी।

जेएलएन हॉस्पिटल क्विज प्रतियोगिता में द्वितीय रहा

अजमेर, (कासं)। श्वसन रोग विभाग जेएलएन चिकित्सालय की ओर से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की गई है। देशव्यापी स्तर पर नई दिल्ली में आयोजित दूसरे वार्षिक ब्रोन्कोपल्मोनरी विश्व कांग्रेस के दौरान क्विज में दूसरा स्थान प्राप्त किया गया।

इसके आयोजक यूनाइटेड अकैडमी ऑफ पल्मोनरी मेडिसिन थे। प्रशस्ति पत्रा अमेरिका के विख्यात स्वैश रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल मेहता द्वारा दिया गया। डॉ. नीरज गुप्ता ने बताया कि इस वार्षिक ब्रोन्कोपल्मोनरी विश्व कांग्रेस में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षकों के व्याख्यान भी शामिल थे। क्विज को दो सत्रों में आयोजित किया गया था। इसमें भारत के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों की 12 टीमों ने भाग लिया। पहले दौर में से 4 टीमें अंतिम दौर के लिए चयनित की गईं। उन्होंने बताया कि अंत में एसजीपीजीआई लखनऊ पहले स्थान पर रही। जेएलएन अजमेर दूसरे स्थान पर और दिल्ली के सेना अस्पताल तीसरे स्थान पर आई। गौरतलब है की वीएमएमसी सफदरजंग दिल्ली, एसएमएस जयपुर, एम्स ऋषिकेश, एम्स भोपाल, गंगाराम अस्पताल जैसे अन्य प्रसिद्ध मेडिकल कॉलेज की टीमों ने भी प्रश्नोत्तरी में भाग लिया था। जेएलएन अजमेर की टीम में श्वसन रोग विभाग के रेसिडेंट चिकित्सक डॉ. प्रखर महेश्वरी और डॉ. पल्लवी पिल्लई शामिल थीं।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

उप. मुख्य बिजली इंजी. (कारखाना), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की और से निचे दिए गए कार्य के लिए दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. निविदा संख्या: EL/50/12/2023-24RT 2. कार्य का नाम व स्थान:** Augmentation and improvement of Existing power supply network including replacement of overaged and condition basis cabling / over head network at Ajmer group of workshop. **3. अनुमानित लागत:** Rs. 3152733.23 **4. बयाना राशि:** Rs. 63100.00 **5. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय ई-निविदा खोलने की तारीख एवं समय:** 10.05.2024 at 15.00 Hrs. एवं 10.05.2024 at 15.30 Hrs. **6. वेबसाइट का ब्यौरा, जहां से ई-निविदा कि पूर्ण जानकारी प्राप्त कि जा सकती है I: www.ireps.gov.in**

483-AC/24

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी मौसा को 20 साल की सजा

- 49 हजार रुपए का लगाया अर्थ दंड

अजमेर, (कासं)। 16 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी मौसा को विशेष न्यायालय संख्या-1 पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश ने 20 साल की सजा सुनाते हुए 49 हजार के अर्थ दंड से भी दंडित किया। न्यायाधीश ने मामले में सख्त टिप्पणी भी करते हुए कहा, जहां नाबालिग बच्चे अपने परिचित, रिश्तेदार-नातेदार पर अटूट विश्वास करते हैं और वही रिश्तेदार नाबालिग के साथ दुष्कर्म करते हैं, तो उस नाबालिग बालिका के बाल मन व उसकी मनोदशा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

विशेष न्यायालय संख्या-2 पोक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक रूपेंद्र परिहार ने बताया कि परिवादी ने 16 जुलाई 2023 को पुलिस थाना बोराडा जिला केकड़ी में उपस्थित होकर एक रिपोर्ट इस आश्य की दर्ज कराई की रात्रि में अपने परिवार सहित जागरण में गए हुए थे, वहा से लगभग 10:25 पर घर आए तो देखा कि पुत्री घर पर नहीं थी पत्नी से पूछा तो उसने बताया कि थोड़ी देर पहले यही सो रही थी तो हमने आस पास ढूंढा तो नहीं मिली। मेरी पुत्री ने लाल रंग के घाघरा लुगड़ी पहन रखी थी उसे ढूंढकर मुझे दिलवायी आए जिस पर पुलिस थाना बोराडा ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

विशिष्ट लोक परिहार ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि पीडिता को उसका रिश्तेदार बहला फुसलाकर भगा कर ले गया, पुलिस ने पीडिता को 8 अगस्त 2023 को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर अभियुक्त के विरूद्ध पोक्सो एक्ट में जुर्म प्रमाणित पाए जाने पर न्यायालय में समक्ष आरोप पत्र पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशिष्ठ लोक अभियोजक रूपेन्द्र कुमार परिहार ने 11 गवाह तथा 27 दस्तावेज पेश किए गए, जिस पर न्यायालय के न्यायाधीश ने गंभीर प्रकृति का अपराध मनाते हुए है 20 साल की सजा सुनाते हुए 49 हजार के अर्थ दंड से भी दंडित करने की सजा सुनाई।

मतदान हेतु जागरूकता किया

अजमेर, (कासं)। सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर में स्वीप के तत्वावधान में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव में मतदान हेतु जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रभारी डॉ. रीना व्यास ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान हेतु विभिन्न स्लोगन लिखे हुए मतदान सूत्र प्राचार्य डॉ.मनोज कुमार बहरवाल, संकाय सदस्य एवं विद्यार्थियों के बांधे गए।

संत शिरोमणि पीपाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई

प्रभात फेरी, ध्वजारोहण, भजन कीर्तन, प्रवचन सहित कई कार्यक्रम हुए

ब्यावर (निसं) दर्जी समाज के आराध्य संत शिरोमणि पीपाजी महाराज की जयंती मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर प्रभात फेरी, ध्वजारोहण, भजन कीर्तन, प्रवचन सहित कई कार्यक्रम हुए। जिनमे समाज बंधुओ ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

पीपानन्दाचार्य जयंती के अवसर पर मंगलवार सुबह नेहरू गेट कोट गली स्थित समाज के द्वारकाधीश मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद मंदिर परिसर में ध्वजारोहण कर पीपा जी की महाआरती की गई। दोपहर बाद मारवाड़ी पंचायती भवन में भजन कीर्तन का कार्यक्रम शुरू हूआ। इसमें गायक कलाकार बाबूलाल सोलंकी ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने मंदिरये रम जा

ए भवानी,म्हारे आंगनिया रम जा..., मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे..., गर जोर मेरो चाले हीरा मोत्या सूं नजर उतार दूं..., भर दे रे श्याम झोली भर दे..., मैं तो अर्ज करूं गुरु थानें चरणा में राख जो म्हाने..., गुरुदेव कृपा करके मुझको अपना लेना... आदि भजनों की

संगीतमय प्रस्तुति दी। इस दौरान रायपुर बालाजी आश्रम के महामंडलेश्वर संत देव दास कुमार ने आशीर्वचन प्रदान करते हुए भगवान की प्राप्ति के लिए भक्ति मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजन का माला व साफा पहनाकर व महिलाओं का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। वहीं समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। समाज बन्धुओं की सामूहिक प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष अशोक कुमार राखेचा, पुखराज चौहान, ज्ञानचंद सोलंकी, पूर्व अध्यक्ष सुनील राखेचा व अजय कुमार सोलंकी, सहित नौरतमल राठौड़, संपतराज सोलंकी, प्रेमजीवन चौहान, भगवती प्रसाद गहलोत, जगदीशप्रसाद सोलंकी, राधेश्याम सोलंकी, ज्ञानचंद राठौड़, धर्मीचंद राखेचा, महिला मंडल अध्यक्ष किरण देवी राखेचा, नवयुवक मंडल अध्यक्ष राजेश राठौड़, बुधराज सोलंकी, घनश्याम गोयल सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

ब्यावर में दर्जी समाज ने आराध्य संत शिरोमणि पीपाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार परनामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की हरिभाऊ उपाध्याय नगर, विस्तार (यू.आई.टी. कॉलोनी) योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 341 क्षेत्रफल 40 वर्गमीटर के आवंटी / अन्तरिति श्रीमती कमला जाधव पुत्री श्री रामजी लाल निवासी अजमेर की मृत्यु दिनांक 01/08/2023 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत दिनांक 13/11/2018) सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री राजेश गोहिल पुत्र श्री मनसुख भाई गोहिल निवासी अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें । उक्त अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उतराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पृथ्वीराज नगर योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या D-224 क्षेत्रफल 50.00 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री तिलक विष्णु जोशी व कान्ता जोशी w/o तिलक विष्णु जोशी S/O विष्णु अम्बालाल 135-A आदर्श नगर, अजमेर की मृत्यु दिनांक 3/10/2018 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमश: (1) यशवन्त तिलक जोशी (2) लव तिलक (3) श्रीकान्त तिलक जोशी पुत्रगण स्व. श्री तिलक विष्णु जोशी (4) हरिप्रिया पानेरी पुत्री स्व. तिलक विष्णु जोशी पत्नि अविकेश पानेरी (उदयपुर) (5) श्रीमती कान्ता जोशी पत्नि स्व. तिलक विष्णु जोशी निवासी 135-ए आदर्श नगर अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती कान्ता जोशी पत्नि स्व. तिलक विष्णु जोशी निवासी 135-ए आदर्श नगर अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 16/04/2024 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध मे किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदकों के नणम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

प्रारूप {नियम 6 (7) देखिए}

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर परिषद किशनगढ, अजमेर

क्रमांक/नपकि/प्रा.अ./कृ.भू.नि./2024/836 दिनांक : 23-04-2024

लोक सूचना

आवेदक 1. बलभद्र सिंह शेखावत पुत्र श्री प्रताप सिंह शेखावत, जाति राजपूत आयु 23 वर्ष निवासी कुसुम विहार कॉलोनी, मदनगंज किशनगढ़, जिला अजमेर, राजस्थान 2. धर्मेन्द्र गुप्ता पुत्र स्व0 श्री बाबूलाल गुप्ता, जाति महाजन आयु 57 वर्ष निवासी लक्ष्मीनारायण मन्दिर के सामने, अजमेर रोड, मदनगंज किशनगढ़, जिला अजमेर, राजस्थान 3. विशाल सिंह शेखावत पुत्र श्री गोपाल सिंह शेखावत, जाति राजपूत आयु 25 वर्ष निवासी अरिहन्त कॉलोनी, मदनगंज किशनगढ़, जिला अजमेर, राजस्थान 4. शंकर सिंह पुत्र श्री सज्जन सिंह जाति राजपूत आयु 52 वर्ष निवासी छोटे जैन मन्दिर के पास, जयपुर रोड़, मदनगंज किशनगढ़, जिला अजमेर, राजस्थान 5. हेमलता देवी पत्नि प्रकाशचन्द जैन जाति जन आयु 56 वर्ष निवासी मितल सदन, बालाजी चौक, अजमेर रोड, मदनगंज किशनगढ़, जिला अजमेर, राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

तहसील और जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
किशनगढ-अजमेर	राजस्व ग्राम किशनगढ बी तहसील किशनगढ	476	राजस्व ग्राम किशनगढ बी के खसरा नम्बर 476 का पार्ट रकबा 1.1924 हैक्टेयर यानि 14261.83 वर्गगज

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज .....को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़।

प्रारूप {नियम 6 (7) देखिए}

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर परिषद किशनगढ, अजमेर

क्रमांक/नपकि/प्रा.अ./कृ.भू.नि./2024/832 दिनांक : 23-04-2024

लोक सूचना

आवेदक 1. चंद्रप्रकाश जैन पुत्र राजेन्द्र कुमार बैद, जाति जैन आयु 46 वर्ष निवासी जीवन ज्योति नगर, मदनगंज किशनगढ़, जिला अजमेर, राजस्थान 2. रवि कुमार उर्फ रविन्द्र जैन पुत्र राजेन्द्र कुमार बैद जाति जैन आयु 47 वर्ष निवासी जीवन ज्योति नगर, मदनगंज किशनगढ़, जिला अजमेर, राजस्थान 3. वन्दना चौधरी पुत्री श्री प्रदीप कुमार चौधरी जाति जाट आयु 48 वर्ष निवासी मकान नम्बर-13, वार्ड नम्बर 19, जिवागंज, गोवर्धन नाथ मन्दिर के पास, मंदसौर मध्यप्रदेश 4. सौरभ गुप्ता पुत्र श्री धर्मेन्द्र गुप्ता, जाति महाजन आयु 29 वर्ष निवासी लक्ष्मीनारायण मन्दिर के